# राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाज़ीपुर

## Year 2021-22

## क्रिएटिव कॉमन्स इन आई.पी.आर.

आज दिनांक 16 नवंबर 2021 को क्रिएटिव कॉमनस इन आईपीआर विषय पर महाविद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर सविता भारद्वाज ने की तथा इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ कौशल किशोर श्रीवास्तव एवं वनस्पति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ बी. एन पांडे ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ कौशल कुमार श्रीवास्तव ने क्रिएटिव कॉमनस लाइसेंस के बारे में उपस्थित शिक्षकों और छात्राओं को इस विषय से अवगत कराया तथा डॉ. बी एन पांडे ने इस विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि यह काम के मुफ्त वितरण को सक्षम बनाता है और इस क्रिएटिव कॉमन्स लाइसेंस का उपयोग तब किया जाता है जब एक लेखक अपने द्वारा किए गए कार्य को साझा करने उपयोग करने एवं निर्माण करने का अधिकार देना चाहता है, इसके साथ ही यह कॉपीराइट उल्लंघन की चिंताओं से लेखक के काम का उपयोग या पुनरर्वितरण करने वाले लोगों की रक्षा करता है जब तक कि वे उन शर्तों का पालन करते हैं जो लाइसेंस में निर्दिष्ट हैं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य महोदय ने क्रिएटिव कॉमन्स इन आईपीआर की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि शोधक्षेत्र के साथ ही नए खोजों के क्षेत्र में यह पद्धति उपयोगी है। इस कार्यशाला में 46 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।